# कोई देता नहीं है साथ | By Sonu Pandit

कोई देता नहीं है साथ
मैं हार गया हूँ नाथ
प्रभु अब दया करो
कहीं बनती नहीं है बात
सब छोड़ गए मेरा साथ
प्रभु अब दया करो

गर दीन दुखी तेरे दर तारा ना जायेगा
फिर कौन बता मेरे श्याम तेरे दर पे आएगा
मेरे सर पे रख दो हाथ
मेरे हर लो दु:ख संताप
प्रभु अब दया करो .......

सब तुम पर सौंप दिया सौंपी परिवार की डोर
अब देखते हैं बाबा ले जाते हो किस और
सब भुला के मेरे पाप चरणों से लगा लो आप
प्रभु अब दया करो ............

राखी तेरे चरणों में मांगे इतना वरदान
सोनू की हर पीढ़ी तेरा करती रहे गुणगान
सब भुला के मेरे पाप चरणों से लगा लो आप
प्रभु अब दया करो ...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-by-sonu-pandit/